**सत्र – 2022–23**

## महाविद्यालय परिचय

श्री माधव कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी का मुख्य भवन शिक्षा भारती के 20 एकड़ के परिसर में केशव नगर, मोदीनगर मार्ग, हापुड में स्थित है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आसानी से पहुंचा जा सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में अपना महाविद्यालय विशिष्ट प्रकार का संस्थान है, जो विभिन्न कोशलों में छात्रों को पारंगत करने के साथ छात्रों को रोजगार के अवसर भी सुलभ कराता है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से संबंध तथा एन.सी.टी.ई. दिल्ली से मान्यता प्राप्त शिक्षा स्नातक (बी.एड.) पाठ्यक्रम में 200 सीटों तथा बी. ए. में 120, बी. कॉम. में 60, बी. एस. में 120 सीटों पर प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। विद्यार्थियों को खेलकूद तथा साहित्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ–साथ नैतिक शिक्षा, आध्यात्मिक शिक्षा, योग, संस्कृत, संगीत, व्यवसायिक शिक्षा के माध्यम से उनका का सर्वांगीण विकास किया जाता है।



**"सिर्फ किताबी ज्ञान ही शिक्षा नहीं होती अपितु हमारा मानसिक विकास भी सफलता के लिए आवश्यक है। सिर्फ कल्पना करने से हमें सफलता नहीं मिल सकती उन सफलताओं को पूरा करने के लिए हमें कड़े परिश्रम की आवश्यकता है। "**

महाविद्यालय अध्ययनरत छात्र–छात्राओं में उच्च मानवीय मूल्यों की स्थापना करने तथा सामाजिक गतिशीलता और विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है, परिणाम स्वरूप आज महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के उच्च स्तरीय महाविद्यालयों की श्रेणी में गिना जाता है। महाविद्यालय को इस स्तर तक पहुंचाने में हमारे प्राचार्य एवं अनुभवी शिक्षकों का योगदान विशेष रूप से सराहनीय है। मैं सभी को इसके लिए धन्यवाद देता हूं। भविष्य में भी कलात्मक एवं शैक्षिक संवर्धन के साथ वैज्ञानिक प्रणाली से उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए अपने प्रयत्नों और प्रयासों से महाविद्यालय प्रगति पथ पर सदैव अग्रसर होता रहेगा।

**– ओम प्रकाश गोयल, अध्यक्ष**

**"शिक्षा का उद्देश्य तथ्यों को सीखना नहीं होता है बल्कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य मस्तिष्क को प्रशिक्षित करना होता है।"**



सर्व विदित है कि परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद छात्र की महत्वकांक्षा रहती है कि वह शिक्षण के क्षेत्र में जाये, क्या शिक्षण के क्षेत्र में जाने का उद्देश्य मात्र जीविका उपार्जन ही है? अथवा शिक्षण के माध्यम से समाज रचना भी है? मेरा विचार है कि शिक्षक को जीविकोपार्जन के उद्देश्य को द्वितीय मानकर समाज रचना को प्राथमिकता देनी चाहिए। शिक्षक मात्र परीक्षा पास कराने वाला एवं परीक्षा में अच्छे अंक दिलाने वाला ही न रहे, बल्कि अपने छात्र/शिष्य की सर्वांगीण उन्नति करने की चिंता भी करें। उसके शिष्य का चरित्र उत्तम हो, वह स्वावलंबी, स्वाभिमानी तथा प्रमाणिक देशभक्त बने। समाज के दुर्बल वर्ग की सेवा उस जीव का मुख्य लक्ष्य हो। वह नैतिकता, आध्यात्मिकता एवं योग का सहारा लेकर शारीरिक दृष्टि से योग्य हो तथा संगीत और संस्कृत में उसकी अभिरुचि हो। ज्ञान में किए गए निवेश से सबसे उत्तम लाभ प्राप्त होता है। व्यवसायिक शिक्षा में वह निपुण बने एवं संसार का सामान्य ज्ञान उसे प्राप्त हो। जब भी इस प्रकार के सर्वगुण संपन्न नागरिक बनाने का संकल्प लेकर हमारा छात्र शिक्षण जगत में जाएगा तो निश्चित ही देश और समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन आएंगे।

**– श्रीमती स्वाति गर्ग, सचिव**



**"हमे ऐसी शिक्षा चाहिए, जिससे चरित्र बने, मानसिक विकास हो, बुद्धि का विकास हो और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके।"** **– स्वामी विवेकानंद**

शिक्षा सभी के जीवन में सफलता की कुंजी है, और शिक्षक अपने छात्रों के जीवन पर स्थायी प्रभाव डालते हैं, जिससे वह अपने जीवन में सफल होते हैं। एन.ई.पी. 2020 गाइडलाइन के अनुसार हम अपने भावी शिक्षकों तथा वर्तमान छात्रों का निर्माण करने में अपना शत प्रतिशत देने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि वे आने वाले समय में समाज में एक मजबूत स्तंभ के रूप में खड़े रहे वह बदलते परिवेश के अनुसार समाज व देश के विकास में अपना योगदान दे सकें।

**कुलदीप कसाना**
**(संयुक्त निदेशक – शिक्षा भारती)**




" शिक्षा का सही उद्देश्य तथ्यों का नहीं, बल्कि मूल्यों का सही ज्ञान होना है ! शिक्षा न केवल समाज बल्कि मानवीय मूल्यों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। "नेलसन मंडेला के अनुसार डिग्री और प्रमाण पत्र देने के अलावा शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसके द्वारा आप दुनिया को बदल सकते हैं।"

अपनी दृष्टि और मिशन को पूरा करने के लिए हम अपने राज्य में शैक्षणिक परिदृश्य की बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, यहां हम अपने छात्रों के सभी कौशल विकसित करने के लिए समर्पित हैं, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमारा कॉलेज हमारे छात्रों को शिक्षण और सीखने में आवश्यक हर चीज से लैस होकर विकसित होने और बढ़ने का मौका देता है। मैं कामना करता हूं कि सभी छात्र अपने करियर में शानदार सफलता प्राप्त करें और अपने भविष्य के जीवन में समृद्धि प्राप्त करें।

**डॉ. मुनेश कुमार शर्मा**
**(प्राचार्य)**

# माधव संदेश

## जून माह में आयोजित गतिविधियाँ:—अतिथि व्याख्यान




दिनांक 28.06. 2023 को बी.एड. संकाय द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रख्यात वक्ता, डॉ. दीपशिखा सक्सेना, प्रमुख और डीन, शिक्षा विभाग, मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ने 'पाठ्यचर्या में कार्यक्रम परिणामों और पाठ्यक्रम परिणामों की भूमिका' पर एक व्याख्यान दिया। व्याख्यान का आयोजन गूगल मीट प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन माध्यम से किया गया। सभी संकाय सदस्यों ने जोश और उत्साह के साथ व्याख्यान में भाग लिया उन्होंने पाठ्यक्रम में पी.ओ. और सी.ओ. की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। व्याख्यान में उपलब्धि स्तर और सी.ओ पी.ओ. मैट्रिक्स के बारे में भी प्रभावशाली तरीके से चर्चा की गई। व्याख्यान के बाद संकाय सदस्यों को उनके साथ बातचीत करने का समय दिया गया। सभी संकाय सदस्यों ने महसूस किया कि सत्र अधिक जानकारीपूर्ण और इंटरैक्टिव था। अतिथि व्याख्यान के अंत में, संकाय सदस्यों ने अपनी प्रतिक्रिया दी और बताया कि उन्हें कैसे लाभ हुआ।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस




दिनांक 21.06.2023 को श्री माधव कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी में दिनांक 06.06.2023 से चल रहे योग अभ्यास कार्यक्रम का समापन करते हुए, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नवम् संस्करण का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्री मुकेश चंद्र मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हापुड़ (उत्तर प्रदेश) रहे।

अतिथि बंधुओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय प्राचीन विचारधारा वसुधैव कुटुंबकम को हम भारत की ओर से समग्र विश्व के सामने चरितार्थ कर रहे हैं। योग के माध्यम से इंद्रियों पर नियंत्रण किया जा सकता है। प्रतिदिन योग करके हम

शरीर को रोग मुक्त कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षकों छात्रों तथा उपस्थित सम्मानित बंधु को देश को नशा मुक्त कराने की शपथ दिलाई।

## विश्व पर्यावरण दिवस




दिनांक 05.06.2023 को श्री माधव कॉलेज महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की सचिव श्रीमती स्वाति गर्ग ने छात्रों को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि प्रकृति संरक्षण और संवर्धन हेतु पौधारोपण अनिवार्य है। वर्ष में एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखरेख भी अनिवार्य रूप से करनी चाहिए। वर्तमान समय में मौसम की स्थिति पर्यावरण विघटन के कारण है। इस अवसर पर सभी छात्रों को शपथ भी दिलवाई गइ। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने मिलकर पौधारोपण किया।

## मई माह में आयोजित गतिविधियाँ:— विदाई समारोह







दिनांक 17.05.2023 को महाविद्यालय में बीएड द्वितीय वर्ष सत्र 2021—23 के विद्यार्थियों की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षा भारती के संयुक्त निदेशक श्री कुलदीप कसाना जी ने दीप प्रज्वलन कर के छात्रों को शुभ आशीष दिया तथा भविष्य में एक आदर्श शिक्षक बनने का संकल्प छात्रों को दिलाया प्राचार्य डॉ मुनेश कुमार शर्मा जी ने छात्रों से कहा कि महाविद्यालय हमेशा आपके साथ खड़ा रहेगा। यहाँ से बी.एड. करने के उपरांत आप उच्च पदों पर नियुक्त हो ऐसा आशीर्वाद दिया। छात्रों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों में छात्रों ने नृत्य एकल गीत समूह गान समूह नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी महाविद्यालय में 2 वर्ष बिताये यादगार क्षणों को छात्रों के द्वारा सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया डॉक्टर सचिन शर्मा के द्वारा सभी अतिथियों, कर्मचारियों, शिक्षकों तथा छात्रों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## सामुदायिक कार्यक्रम







दिनांक 09.05.2023 को महाविद्यालय के बी.एड. के छात्रों द्वारा चल रहे सामुदायिक सेवा के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, साक्षर भारत तथा छोटा परिवार सुखी परिवार, कार्यक्रम का समापन हापुड़ नगर की चंद्रलोक कॉलोनी में आयोजित किया गया। छात्रों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कॉलोनी वासियों को संदेश दिया गया कि बेटी बेटा एक समान है इनमें हमें भेदभाव नहीं करना चाहिए। बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। छात्रों ने अपने नारों के माध्यम से उन्हें समझाया कि पहले करो विद्यादान बाद में करो कन्यादान। जो लोग हस्ताक्षर करना नहीं जानते हैं ऐसे सभी प्रौढ़, कॉलोनी वासियों को हस्ताक्षर करना सिखाया। समाज को जागरूक करने हेतु दहेज प्रथा, नशा उन्मूलन, तथा पर्यावरण संरक्षण अनेक राष्ट्रहित के कार्यक्रमों के संदर्भ में छात्रों के द्वारा कॉलोनी वासियों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।

## अप्रैल माह में आयोजित गतिविधियाँ:— घोसला निर्माण कार्यशाला



दिनांक 29.04.2023 को महाविद्यालय में ईकोर्ट्स फाउंडेशन दिल्ली व माहेश्वरी सभा रजि. हापुड़ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय घोसला निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि नेस्ट मैन राकेश खत्री ने जूट एवं घास से गौरैया पक्षी के आवास हेतु घोंसला बनाना सिखाया तथा बताया कि पक्षियों व पर्यावरण की जिम्मेदारी हम सब की है साथ में आए उनके सहयोगी सदस्य नितिन कौशिक ने बताया कि प्रकृति से हमें निशुल्क पानी हवा भोजन मिलता है। वृक्ष लगाकर, पानी बचाकर, प्रकृति संरक्षण में सहयोग करें । अनिमेष खत्री ने बताया कि नगरीकरण के बढ़ते पक्षियों में कमी पर्यावरण संतुलन को प्रभावित करती है पक्षियों को बचाना हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए पेड़ पौधे लगाने उगाने के लिए मिट्टी को अच्छी तरह से उर्वरा युक्त बनाने की आवश्यकता है दैनिक जीवन में हमारे द्वारा प्रकृति को हानि नहीं होनी चाहिए। इस कार्यशाला में संजय गांधी पब्लिक स्कूल कोठी गेट, शिव बाल मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर नंगोला, अंबेडकर पब्लिक स्कूल, चंद्र लोक कॉलोनी, श्रीमती ब्रह्मा देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हापुड़, भारतीय समदर्शी इन्टर कॉलेज, दस्तोई आदि विद्यालयों से 300 से अधिक छात्र–छात्राओं ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया महेश्वरी सभा के प्रधान हर्ष माहेश्वरी व शहर के अन्य सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति रही। शिक्षा भारती की अध्यक्षा श्रीमती स्वाति गर्ग ने सभी का स्वागत और धन्यवाद दिया।

## मार्च माह में आयोजित गतिविधियाँ:— कला एवं शिल्प कार्यशाला






दिनांक 25.03.2023 को महाविद्यालय में कला एवं शिल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में श्रीमती योगिता सिंह (विभाग अध्यक्षा बीएससी गृह विज्ञान) तथा बुलबुल वर्मा (सहायक आचार्य, बीएससी गृह विज्ञान विभाग, राम चमेली चड्ढ़ा विश्वास गर्ल्स कॉलेज, गाजियाबाद) तथा डॉ रेनू देवी (सहायक अध्यापिका, प्राथमिक विद्यालय नवादा हापुड़) ने छात्रों को टी–शर्ट पेंटिंग और फोल्डर मेकिंग की गहनतम जानकारी दी। इसके उपरांत कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अभिमन्यु सेठ, खंड विकास अधिकारी, हापुड़ तथा डॉ प्रशांत त्यागी, सदस्य– संस्कृति एवं पर्यटन जनपद, बुलंदशहर ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उनके उद्बोधन में उन्होंने कहा कि कला एवं शिल्प का प्रदर्शन सृजनात्मकता की देन है। इसके माध्यम से हम अपने कैरियर को सही दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुनेश कुमार शर्मा जी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

## रक्तदान शिविर







दिनांक 24.03.2023 को महाविद्यालय में अमर उजाला फाउंडेशन व आभार चौरिटेबल ब्लड बैंक संस्था के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों एवं छात्रों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। डॉक्टर अमित कुमार ने रक्तदान के विषय में जानकारी उपलब्ध कराई तथा हिमोग्लोबिन की कमी से होने वाली समस्याओं से अवगत कराया व

सावधानी तथा उपाय भी बताए। ब्लड प्रेशर, हिमोग्लोबिन और शारीरिक भार व मधुमेह की जांच के पश्चात ही रक्तदान करवाया गया। इस शिविर में कुल 12 यूनिट रक्तदान किया गया। शिक्षा भारती की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गर्ग ने रक्तदान करने पर शिक्षकों तथा छात्रों का व सहयोग देने हेतु अमर उजाला फाउंडेशन व आभार चौरिटेबल ब्लड बैंक संस्था का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षा भारती के संयुक्त निदेशक श्री कुलदीप कसाना, प्राचार्य डॉ मुनेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ सचिन कुमार शर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## पूर्व छात्र सम्मेलन




दिनांक 23.03.2023 को महाविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री माधव कॉलेज के पूर्व छात्र तथा पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष व वर्तमान में मायावती राजकीय महाविद्यालय, स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर, गौतम बुद्ध नगर के शिक्षक शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डॉ नितिन कुमार त्यागी व महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उनके उद्बोधन में अतिथि बंधु ने बताया कि यह महाविद्यालय ज्ञान की खान है। यहां पढ़ाने वाले शिक्षक विभिन्न प्रतिभा के धनी हैं। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए छात्रों से कहा कि आप अपने जीवन में कठिन परिश्रम के द्वारा प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन किया गया। प्रबंध तंत्र से शिक्षा भारती की अध्यक्षा श्रीमती स्वाति गर्ग, श्री विजेंद्र माहेश्वरी, श्री हरीश मित्तल, श्री मुकेश तोषनीवाल, श्री ऋषि गर्ग, श्री कुलदीप कसाना, श्री विमल कुमार उपस्थित रहे।

## फरवरी माह में आयोजित गतिविधियाँः— अतिथि व्याख्यान






दिनांक 24.02.2023 को महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट शांतिकुंज हरिद्वार की एनसीआर शाखा के संयोजक श्री प्रदीप राव जी व उनके सहयोगी श्री राजकुमार जी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्बोधन में प्रदीप राव जी ने कहा कि माता—पिता व गुरु के प्रति श्रद्धा का भाव प्रत्येक प्राणी को बल देता है। गुरु वह सौभाग्य पूर्ण व्यक्ति है, जो अपने उत्तरदायित्व से एक पीढ़ी या कहें कि एक युग को बदलने का हौंसला रखता है। इसलिए एक शिक्षक को पूरी ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वाह नैतिक, आध्यात्मिक व मूल्यपरक शिक्षा देने के लिए करना चाहिए। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो व्यक्ति को असफलताओं से होते हुए भी बिना निराश हुए एक सफल प्रगतिशील मार्ग की ओर प्रवर्तित कर सकें। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुनेश कुमार शर्मा जी ने अतिथि वक्ता का सभी के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी सदस्य व छात्र उपस्थित रहे।

## डिजिटल इंडिया कार्यशाला




दिनांक 15.02.2023 को महाविद्यालय में एक दिवसीय डिजिटल इंडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन श्री शिवा कंसल (एसबीएम, एनएमआईएमएस मुंबई) के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि डिजिटल इंडिया का ज्ञान भविष्य के लिए भारत को तैयार करने का कार्यक्रम है। आईटी के महत्व को महसूस करने के लिए तथा परिवर्तन को सक्षम करने के लिए प्रौद्योगिकी को केंद्रीय बनाने पर ध्यान दिया गया है।

उन्होंने डिजिटल इंडिया के नौ स्तम्भ बताए। डिजिटल इंडिया के प्रयोग से कृषि के क्षेत्र में भी बहुत मदद मिली है। इंटरनेट, मोबाइल, प्रौद्योगिकी, डाटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल सेवा और अनुप्रयोगों सहित डिजिटल प्रणाली बदल रही है। डिजिटल करेंसी के माध्यम से प्रत्येक उपभोक्ता के जीवन में परिवर्तन हुआ है कार्यशाला के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुनेश कुमार शर्मा ने अधिवक्ता का आभार व्यक्त किया ।




## खेल महोत्सव





दिनांक 13.02.2023 व 14.02.2023 को महाविद्यालय में दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसका प्रारंभ बैंक ऑफ इंडिया शाखा, केशव नगर के प्रबंधक श्री हरमन सिंह के द्वारा दीप जलाकर किया गया। प्रबंध तंत्र से श्री टी.सी. गर्ग ने अपने उद्बोधन में बताया कि यह अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता है। इसमें शहर के सभी डिग्री कॉलेजों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने अपने आशीर्वचन से सभी खिलाड़ियों को उत्साहित किया तथा विजयी होने की शुभकामनाएं दी। खेल में प्रथम दिन 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर वंश तोमर, एटीएम कॉलेज तथा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अंजली, माधव कॉलेज का रहा। 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में हर्ष कुमार ए टी एम एस कॉलेज विवेक तथा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर संजना, माधव कॉलेज रही। जैवलिन थ्रो बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर आशु  व द्वितीय, तृतीय स्थान भी माधव कॉलेज के रहे तथा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अंजली तथा द्वितीय, तृतीय स्थान भी माधव कॉलेज के रहे। डिस्कस थ्रो बालक वर्ग में प्रथम स्थान रितेश भाटी एटीएमएस कॉलेज तथा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान चंचल, इंद्रप्रस्थ कॉलेज का रहा। बोरा दौड़ में हर्ष तोमर एटीएमएस कॉलेज प्रथम स्थान पर तथा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर प्रियांशी, माधव कॉलेज रहे। म्यूजिकल चेयर में प्रथम स्थान पर हर्ष तोमर, ए.टी.एम. एस कॉलेज रहे। थ्री लेग रेस में बालक वर्ग में विभोर–जतिन ए.टी.एम.एस कॉलेज प्रथम रहे। बालिका वर्ग में निशी–रिचा माधव कॉलेज प्रथम स्थान पर रहे। इन सभी छात्रों को महाविद्यालय के द्वारा प्रमाण पत्र व शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। शिक्षा भारती के सह निदेशक श्री कुलदीप कसाना, एसवीबीएम के प्रधानाचार्य श्री सुनील शर्मा, श्री हेमंत कुमार ने छात्र को सम्मानित किया। खेल कार्यक्रम का समापन दिनांक 14 फरवरी को शहर के विधायक विजयपाल आरती जी के कर कमलों से किया गया।

## हिंदी भाषा कौशल कार्यशाला




दिनांक 11.02.2023 को महाविद्यालय में चल रहे 7 दिवसीय हिंदी भाषा कौशल कार्यशाला का समापन हुआ। इस कार्यशाला में भाषा प्रशिक्षक के रूप में श्री के.पी. सिंह (वरिष्ठ अध्यापक, सरस्वती बाल मंदिर, मोदीनगर रोड, हापुड़) भाषा कौशल के विभिन्न आयामों को गहनता के साथ समझाया। जिसमें मुख्य रूप से भाषा, श्रवण, वाचन, पठन, लेखन कौशल पर प्रकाश डाला। सामान्य व्याकरण की जानकारी, वाक्य संरचना, वाक्य लेखन, प्रार्थना पत्र लेखन, वाचन में शुद्धता, बोली में साहित्य का पुट आदि हिंदी भाषा विकास के लिए महत्वपूर्ण स्तरों को इस कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को समझाने का प्रयास किया। समापन सत्र में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मुनेश कुमार शर्मा ने विषय विशेषज्ञ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक व छात्र उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम





दिनांक 03.02.2023 हो महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम श्री माधव कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी व अमर उजाला फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शहर कोतवाल श्री संजय पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व में सबसे ज्यादा दुर्घटना ब्राजील में होती हैं, लेकिन दुर्घटना द्वारा मृत्यु उत्तर प्रदेश में ज्यादा होती हैं। भारत में तमिलनाडु में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटना होती है, लेकिन 8 से 25 वर्ष के युवाओं की मृत्यु उत्तर प्रदेश में होती है। ट्रैफिक उप निरीक्षक श्री राकेश शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष 155000 मृत्यु भारतवर्ष में सड़क दुर्घटना से होती हैं। ट्रैफिक उप निरीक्षक विजेंद्र पाठक ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने हेतु नहीं दिए जाने चाहिएं। घर से दुपहिया वाहन निकालने से पूर्व हेलमेट अवश्य लगाएं। कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। उपनिरीक्षक श्री मनोज सहरावत ने बताया कि जल्दबाजी में लाल बत्ती पार न करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, शराब पीकर वाहन न चलाएं। इस अवसर पर सभी छात्रों शिक्षकों को शपथ दिलाई गई कि हम सभी सावधानीपूर्वक सड़क पर वाहन चलाने के नियमों का पालन करेंगे इस कार्यक्रम में श्री सुनील शर्मा जी, श्री कुलदीप कसाना जी, श्री अमरपाल जी, श्री हेमंत जी, डॉक्टर सचिन शर्मा जी व महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्र उपस्थित रहे।

## जनवरी माह में आयोजित गतिविधियाँ:– राष्ट्रीय सेमिनार

30.01.2023 को "NEP 2020: Relevance and challenges in 21st century" विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय श्री राज कृपाल बाबू जी की जयंती के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए अतिथियों द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुई। उप जिलाधिकारी सदर जनपद हापुड़ श्रीमती सुनीता ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के माध्यम से हम जीवन में बड़ी से बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं व समग्र विश्व में देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा भारती के उत्कृष्ट योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि NEP 2020 का उद्देश्य शिक्षा को नवाचार के साथ सर्व सुलभ व सर्वव्यापी बनाना है। मुख्य वक्ता प्रोफेसर जे.एस. भारद्वाज ने NEP 2020 की प्रासंगिकता 21वीं सदी में चुनौतियों के बारे में विचार रखे। उन्होंने कहा NEP 2020 के लागू होने के बाद सामने आने वाली समस्याओं का समाधान बहुत जरूरी है। शिक्षा का माध्यम किस भाषा में हो यह सबसे बड़ी चुनौती है।







मोटिवेशनल स्पीकर श्री दीपक शर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 की चुनौतियों का सामना प्रयोगात्मक रूप से कक्षा के वातावरण में परिवर्तन के साथ किया जा सकता है। एमिनेंट स्पीकर प्रोफेसर करतार सिंह ने बताया कि हम सभी को अपने देश की मूल्य और कौशल युक्त शिक्षा को आत्मसात करके शिक्षा के नए आयामों को प्राप्त करना चाहिए। सेमिनार के संयोजक सचिन कुमार शर्मा ने बताया कि इस सेमिनार में झारखंड, बिहार, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से 100 प्रतिभागियों ने 2 तकनीकी सत्रों में अपने शोध पत्रों का वाचन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुनेश कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस कार्यक्रम







दिनांक 25.01.2023 को राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के विधायक श्री विजयपाल आरती जी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मतदाता राष्ट्र का भाग्य विधाता होता है। आने वाली सरकार कौन सी होगी इसका निर्णय मतदाता अपनी वोट की चोट से करके दिखाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुनेश कुमार शर्मा ने कहा कि हमें मतदान अवश्य करना चाहिए। यह हमारा राष्ट्रीय अधिकार है। एक–एक वोट से ही राष्ट्र परिवर्तन होता है। इसके उपरांत विधायक जी ने महाविद्यालय परिसर से राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्रों ने विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए रैली पुनः महाविद्यालय पहुंची। जगह–जगह छात्रों का स्वागत हुआ। सभी छात्रों ने मतदान में बढ़–चढ़कर भाग लेने की शपथ ली तथा अन्य मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अतिथि व्याख्यान (युवा दिवस-स्वामी- विवेकानंद जयंती)

दिनांक 12.01.2023 को महाविद्यालय में युवाओं के प्रेरणा स्रोत और महापुरुष स्वामी विवेकानंद जी की 160 वी जयंती पर 38 वां युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद् डॉ० मधुसूदन गर्ग जी ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि यूथ डे मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को ऊर्जावान बनाना और उन्हें विकसित मार्ग पर अग्रसर करना है। उन्होंने कहा हमें एक शिक्षक के तौर पर युवाओं के अंदर एक प्रज्ञा जागृत करनी चाहिए जिससे वह अपनी आने वाली पीढ़ी को प्रेरित कर उसके भविष्य और देश को विकास की ओर ले जा सके कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ मुनेश कुमार शर्मा ने अतिथि का आभार व्यक्त किया तथा इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं छात्र उपस्थित रहे।

